भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान/CENTRAL FARM MACHINERY TRAINING & TESTING INSTITUTE
ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म0प्र0)/TRACTOR NAGAR, P.O., BUDNI (M.P.) 466445
Website:http://www.fmttibudni.gov.in Email: fmti-mp@nic.in Tel:07564-234729 GSTIN:23AAAGC0890H1ZS
(AN ISO-9001:2015 CERTIFIED INSTITUTE)

फा.सं/F.No.:17–6 / 2021 Estt. दिनांक/Date: 29.09.2021.

# ठेकेदारों की आवश्यकता

ऐसे ठेकेदारों को जो भारत सरकार के सर्वोत्तम हित में निविदा करने के इच्छुक हों को अधोलिखित कार्यो के लिए आमंत्रित किया जाता है :–

| क्रमांक | कार्य का विवरण | योग्यता एवं अनुभव | आयु | ठेकेदारों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | कारपेंट्री अनुभाग के बहुआयामी कार्यो में सहायता प्रदान करना । | न्यूनतम 8 वीं पास | 18–55 वर्ष | 01 |
| 2. | सामान्य कार्यो जैसे सफाई, रख–रखाव, रिकार्ड रूम में फाइलों को व्यवस्थित करने में सहायता करना, प्रशासन, लेखानुभाग एवं डिस्पैच अनुभाग की डाक, फाइलों, पत्रों, इत्यादि की आवाजाही में सहायता करना । | न्यूनतम 8 वीं पास एवं केन्द्र / राज्य सरकार में नियमित अथवा दैनिक वेतन अथवा संविदा आधार पर कार्य करने का 2 वर्षों का अनुभव । | 18–55 वर्ष | 01 |
| 3. | बहु आयामी कार्य जैसे कि पेड़ पौधों की कटिंग, बागवानी, बोझ उठाने के कार्य, मिट्टी खुदाई कार्य इत्यादि। | शैक्षणिक योग्यता लागू नहीं। | 18–55 वर्ष | 01 |
| 4. | खाना पकाने / बर्तन साफ करने एवं छात्रावास के बगीचे का बागवानी कार्य । | केन्द्र / राज्य सरकार में संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का 5 वर्षो का अनुभव अथवा कुकिंग कोर्स में अप्रेंटिस पास। | 18–55 वर्ष | 01 |
| 5. | 100 केवीए / 125 केवीए जनरेटर एवं जलापूर्ति पम्पिंग स्टेशन संचालन का कार्य । | 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण तथा तार मिस्त्री का अनुज्ञा प्रमाण–पत्र (लायसेंस)। | 18–55 वर्ष | 01 |

## नोट

1. ऊपर वर्णित कार्यों हेतु इच्छुक ठेकेदार दिनांक 04.10.2021 को प्रातः 9.00 बजे संस्थान में व्यक्तिगत चर्चा / कौशल दक्षता हेतु निम्नलिखित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो :– (ए) बायो–डाटा, (बी) शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण–पत्र (सी) आधार कार्ड / पैन कार्ड (डी) बैंक खाता विवरण। उपरोक्त सभी दस्तावेजों के बिना ठेकेदारों पर विचार नहीं किए जाएगा ।
2. समय 9.30 पूर्वान्ह के बाद उपस्थित होने वाले व्यक्तियों पर विचार नहीं किया जाऐगा।
3. इच्छुक ठेकेदार / बोलीकर्ता, निविदा से संबंधित प्रपत्र, नियम एवं शर्ते, संस्थान की वेबसाइट http://fmttibudni.gov.in/Proc-Auc_Tend.html से डाऊन लोड कर सकते हैं।

(बी.के. पाणिग्रही)
उपकरण अभियंता एवं कार्यालय प्रमुख
कृते निदेशक

भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान/CENTRAL FARM MACHINERY TRAINING & TESTING INSTITUTE
ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म0प्र0)/TRACTOR NAGAR, P.O., BUDNI (M.P.) 466445
Website:http://www.fmttibudni.gov.in Email: fmti-mp@nic.in Tel:07564-234729 GSTIN:23AAAGC0890H1ZS
(AN ISO-9001:2015 CERTIFIED INSTITUTE)

फा.सं/F.No.: 17–6/2021 Estt. दिनांक/Date: 29.09.2021

# :: नियम एवं शर्ते ::

(निविदा संख्या 17–6/2021–स्था. दिनांक 29.09.2021 के सन्दर्भ में)

उपर्युक्त निविदा में सूचीबद्ध कार्यो के लिए अनुबंध के नियम और शर्ते निम्नलिखित हैं, ठेकेदार द्वारा उन सभी का अनुपालन आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य भी है :–

1. टेन्डर में वर्णित किसी भी कार्य के लिए ठेकेदारों की संख्या यदि कार्य भार में परिवर्तन या अन्य प्रशासनिक कारणों के लिए या जनहित में, बिना पूर्व सूचना के परिवर्तित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्व–विवेकानुसार चिन्हित किये गए कुछ ठेकेदारों की सेवा, ऐसी अवधि के लिए जो सक्षम प्राधिकारी उचित समझे, समाप्त किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, कार्य पर उपलब्ध शेष ठेकेदारों की यह जिम्मेदारी होगी की वे पूर्व निविदित राशि तथा नियम एवं शर्तों में परिवर्तन का दावा किए बिना अपरिवर्तित नियम एवं शर्तों के अनुसार कार्य को संतोषजनक तरीके से पूर्ण करें।
2. संविदा प्रारंभ में 80 दिनों के लिए होगी, जो ठेकेदार के कार्य कौशल एवं संस्थान की आवश्यकता के आधार पर बढ़ाई जा सकती है।
3. इच्छुक ठेकेदारों को संपूर्ण माह कार्य निष्पादन हेतु वांछित राशि के लिए निविदा देना होगा।
4. भारत सरकार के सर्वोच्च हित में लगाई गई बोली पर विचार किया जाएगा किन्तु यह भी कि समग्र मूल्यांकन के आधार पर न्यूनतम निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं होगा ।
5. भारत सरकार के हितों की रक्षा के लिए पारदर्शिता बनाए रखने और प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के लिए ओपन टेंडर के आधार पर काम दिया जाएगा। यदि कोई ठेकेदार कभी भी, "अनुबंध कर्मचारियों" या "दिहाड़ी मजदूरों" आदि के लिए लागू किसी भी नियम/विनियमों/विशेषाधिकारों/भुगतानों के कार्यान्वयन की मांग करता है तो संबंधित ठेकेदार का अनुबंध उसकी जिम्मेदारी पर तत्काल स्वतः रद्द हो जाएगा।
6. भारत सरकार एवं आयकर नियमों के अनुसार यदि कोई कर देय होगा तो उसे अनुबंध राशि पर काटा जाएगा।
7. इस अनुबंध के पश्चात् भी ठेकेदार को अनुबंध के विस्तार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा।
8. कार्य के निष्पादन के दौरान भी, यदि ठेकेदार को (व्यक्तिगत रूप से या किसी भी अन्य रूप में) कोई दुर्घटना या किसी प्रकार की हानि होती है तो संस्थान किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जावेगा।
9. अनुबंध की अवधि के दौरान यदि "सरकारी काम" या "सरकारी सम्पत्ति" को कोई नुकसान होता है तो संबंधित ठेकेदार संपत्ति को हुए नुकसान की वसूली के साथ–साथ अन्य प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।
10. ठेकेदार को अनुबंध दिए जाने के 15 दिनों के भीतर अपने नाम पर एक वैध जीवन/दुर्घटना बीमा पॉलिसी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। ऐसा न करने पर अनुबंध स्वतः ही रद्द हो जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार की अनुमति नहीं होगी।
11. सफल ठेकेदारों को अनुबंध को उप–अनुबंध पर देने की अनुमति नहीं है यदि ऐसी घटनाएं सामने आती है, तो अनुबंध स्वतः ही रद्द हो जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार की अनुमति नहीं होगी।
12. सामान्यतया, सप्ताह में छह कार्य दिवस होंगे लेकिन ठेकेदार को कार्य की प्रकृति/कार्य की तात्कालिकता/प्रशासनिक कारणों से सातवें दिन भी उपस्थित होने की आवश्यकता हो सकती है।
13. केवल वैध और पर्याप्त कारणों पर वह भी, अग्रिम रूप से आग्रह करने पर ठेकेदार को अत्यंत सीमित दिनों के लिए काम से अनुपस्थित रहने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन उस दशा में उसे देय राशि की गणना उसी अनुपातिक आधार पर की जाएगी किन्तु उस परिस्थिति में समूचे कार्य के संतोषजनक निष्पादन का उत्तरदायित्व शेष उपस्थित ठेकेदारों पर होगा, परन्तु जिसके लिए वे निविदा राशि में परिवर्तन के पात्र नहीं होंगे।
14. अनुबंध को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय रद्द किया जा सकता है। ठेकेदार संस्थान को एक महीने की पूर्व सूचना देकर अनुबंध छोड़ने का अनुरोध कर सकता।
15. यदि कोई ठेकेदार उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो ठेकेदार को ठेका नहीं दिया जाएगा।
16. टी.ए./डी.ए. की कोई पात्रता नहीं होगी।
17. निदेशक, केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, बुदनी (म.प्र.)–466445 के पास बिना कोई कारण बताए/पूर्व सूचना दिए टेंडर/ठेके को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

(बिकास कुमार पाणिग्रही)
उपकरण अभियंता/कार्यालयाध्यक्ष
कृते निदेशक

# ठेके का आवेदन

प्रति,

निदेशक,
केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान,
ट्रैक्टर नगर, पी.ओ., बुदनी,
जिला–सीहोर (म.प्र.)
पिन कोड – 466445

महोदय,

ठेका संख्या 17–6/2021–स्था., दिनांक 29.09.2021 के संदर्भ में, निम्नलिखित कार्य के अनुबंध के लिए मैं ठेका आवेदन कर रहा हूँ:–

| | |
|---|---|
| ठेके का कार्य | |

मेरा व्यक्तिगत विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | जन्म तिथि | |
| 4. | आधार कार्ड नं. | |
| 5. | पैन कार्ड नं. | |
| 6. | बैंक का विवरण | |
| 7. | पत्राचार का पता | ............<br>............<br>............<br>मोबाइल नं. ............<br>ई मेल आई.डी............ |
| 8. | स्थाई पता | ............<br>............<br>............<br>मोबाइल नं. ............<br>ई मेल आई.डी............ |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | शैक्षणिक योग्यता | |
| 10. | क्या आप पुलिस हिरासत में रहें हैं ?<br>यदि हां, तो उसका विवरण दें । | |
| 11. | क्या आपके खिलाफ कोई आपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में लंबित है?<br>यदि हाँ तो उसका विवरण दें । | |

12.

| क्रमांक | अनुभव | अनुभव का स्थान | कार्य की अवधि | | कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

## :: घोषणा ::

मैं————————————————————एतद् दवारा घोषणा करता हूँ कि उल्लिखित विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतया सही है। मैंने किसी भी जानकारी को छिपाया नहीं है। मैं यह भी समझता हूँ कि अगर मेरे द्वारा गलत या अपूर्ण जानकारी दी जाती है तो, प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाही के साथ मेरा अनुबंध तुरन्त प्रभाव से समाप्त हो जाएगा । इसके अतिरिक्त मैने कार्य अनुबंध के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है एवं मुझे सभी शर्तें पूर्णतया स्वीकार्य है।

दिनांक :– ..............................

ठेकेदार का नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान :– ..............................

————————————

————————————